(b) and (c). In keeping with India's policy of non-alignment and peace, understanding and cooperation with all nations, it will be Government's endeavour to develop and strengthen relations with all countries on the basis of equality, mutual benefit and reciprocity.

**डायलोसिस मशीनों की मांग**

1610. **श्री कल्याण जैन** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में गुर्दे के रोगियों द्वारा डायलोसिस की मांग बढ़ती जा रही है ;

(ख) देश में किन किन अस्पतालों में डायलोसिस की सुविधा उपलब्ध है और वहां कितने कितने डायलोसिस उपलब्ध हैं ; और

(ग) डायलोसिस का निर्माण देश में करने अथवा विदेश से अधिक संख्या में आयात करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं ?

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री राज नारायण)** : (क) इसे जानने के लिए अभी तक कोई सर्वेक्षण नहीं किया गया है ।

(ख) देश के अस्पतालों में कितनी डायलोसिस मशीनें उपलब्ध हैं इसकी सूचना तुरन्त उपलब्ध नहीं है । फिर भी, देश के उन अस्पतालों के नामों का वितरण जिनमें डायलोसिस की सुविधाएं उपलब्ध हैं, संलग्न है ।

(ग) अभी तक देश में ही डायलोसिस उपकरण तैयार नहीं किया जाता । देश के अस्पतालों के लिए इन मशीनों को बड़ी संख्या में आयात करने का प्रश्न इस बात पर निर्भर करेगा कि इस कार्य को कितनी प्राथमिकता दी जाती है और स्वास्थ्य के राज्य विषय होने के कारण राज्य केन्द्र शासित सरकारों के पास वैसे साधन उपलब्ध हैं या नहीं ।

**विवरण**

**देश के निम्नलिखित स्थानों अस्पतालों में डायलोसिस की सुविधाएं उपलब्ध हैं :**

| | |
|---|---|
| दिल्ली | अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली । |
| | इर्विन अस्पताल, नई दिल्ली । |
| | सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली । |
| बम्बई | जसलोक अस्पताल । |
| | के० ई० एम० अस्पताल तथा सेठ जी०एस० मैडिकल कालेज । |
| | बम्बई अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र । |
| | सर एच० बी० अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र । |
| | बाई बालाभाई नानावती अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र |
| | बी० वाई० एल० नैयर अस्पताल । |
| पूना | मैडिकल फाउण्डेशन के० ई० एम० अस्पताल । |
| ममिराज | वानलेस वाड़ी अस्पताल । |
| नागपुर | गवर्नमेंट मेडिकल कालेज अस्पताल । |
| मद्रास | गवर्नमेंट जनरल अस्पताल स्टेनले मेडिकल कालेज एवं अस्पताल । |
| मदुरई | एस्किन गवर्नमेंट अस्पताल । |
| वैलोर | क्रिश्चियन मेडिकल कालेज । |
| चण्डीगढ़ | स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान । |

आगरा एस० एन० मेडिकल कालेज अस्पताल।

जयपुर सवाई मानसिंह अस्पताल।

कटक एस० सी० बी० मेडिकल कालेज।

बेरहामपुर मेडिकल कालेज अस्पताल।

कलकत्ता मेडिकल कालेज अस्पताल। स्नातकोतर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान एस० एस० करनानी मैमोरियल अस्पताल।

रोहतक मेडिकल कालेज एवं अस्पताल।

अहमदाबाद बी० जे० मेडिकल कालेज एवं अस्पताल।

हैदराबाद उस्मानियां जनरल अस्पताल।

पांडिचेरी जवाहर लाल स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान।

श्रीनगर मेडिकल कालेज तथा अस्पताल.

गोआ मेडिकल कालेज तथा अस्पताल।

## राजधानी में आवारा कुत्तों को पकड़ना तथा उन्हें मार डालना

1611. **श्री कल्याण जैन** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि राजधानी में आवारा कुत्तों को पकड़ कर उन्हें क्रूर एवं निर्मम तरीके से मारे जाने के प्रति जनता में तीव्र रोष व्याप्त है ; और

(ख) क्या सरकार नगर को आवारा कुत्तों से मुक्त करने और उनके साथ मानवीय व्यवहार अपनाने पर विचार करेगी यदि हां तो उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री श्री राज नारायण** : (क) राजधानी में आवारा कुत्तों को निर्दयता पूर्वक पकड़ने और मारने की कोई विशेष शिकायत सरकार के ध्यान में नहीं आई है।

(ख) राजधानी के स्थानीय निकाय मानवीय तरीकों से आवारा कुत्तों को पकड़ने और नष्ट करने की कार्यवाही पहले से ही कर रहे हैं।

## बिहार में कटिहार जिले में मनिहारी प्रखंड में डाकघरों का खोला जाना

1612. **श्री युवराज** : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार के कटिहार जिले में मनिहारी प्रखंड में महुअर, मेंदनीपुर, अम्बाडोहा (संताल आदिवासी टोला), नीमा (आदिवासी संतालटोला) गांवों में डाकघर न होने से जनता को भारी असुविधा होती है ;

(ख) क्या ये सारे गांव पिछड़े हुए तथा बाढ़ पीड़ित क्षेत्रों में हैं ; और

(ग) यदि हां, तो वहां ग्रामीण डाकघर शाखा कब स्थापित की जाएगी ?

**संचार मंत्री ( जार्ज फर्नांडिस )** : (क) सभी चारों गांवों में दैनिक वितरण योजना लागू है ; मेंदनीपुर गांव से 1-1 2 किलोमीटर की दूरी पर एक डाकघर है और मेंदनीपुर में डाकघर खोलने का औचित्य सिद्ध नहीं होता